# बिहार विधान परिषद

(199वां शीतकालीन सत्र)

## 1 दिसम्बर, 2021

----

**[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी ].**

**कुल प्रश्न 23**

----

### स्थायी समाधान

*16 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिला मुख्यालय में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अल्प बारिश में शहर की स्थिति नारकीय हो जाती है जिसके कारण पैदल यात्रियों को भी कहीं जाने-आने में भारी फजीहत झेलनी पड़ती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रश्नगत शहरी क्षेत्र की जल-जमाव समस्या और इसके निस्तारण हेतु स्थायी समाधान का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### पानी निकासी की व्यवस्था

*17 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर नगर परिषद् के वार्ड नं.- 15 के प्रोजेक्ट बालिका

उच्च विद्यालय की सड़क, खादी भंडार के बगल की सड़क, सेंट्रल बैंक रोड की सड़क, डॉ. राम अनंत शर्मा के घर के पीछे की सड़क में पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण बरसात एवं नाला का पानी सालों भर जमा रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर पानी का जमाव रहने के कारण आसपास के लोगों, विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों को सड़क पार करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि जबतक पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की जाती है, तबतक सड़क की स्थिति जर्जर ही रहेगी;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस सड़क एवं आसपास की सड़कों पर नाली आदि की व्यवस्था कर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अंधकार से मुक्त

*18 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा)ः**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि एक दशक के अन्दर आपराधिक घटनाओं को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाला सीतामढ़ी नगर थाना के अन्तर्गत आनेवाले शहर का अधिकांश हिस्सा लाइट लगाने हेतु पांच करोड़ की राशि खर्च करने के बाद भी अंधेरे में लिपटा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि इ इ एस एल कंपनी को शहर के तमाम मुख्य मार्गों से लेकर तमाम वार्ड की सड़कों एवं गलियों में 3600 लाइट लगाने का कांट्रैक्ट दिया गया था लेकिन कांट्रैक्ट का अनुपालन नहीं होने से अभी भी सीतामढ़ी नगर थाना के क्षेत्र का अंधकार मौजूद है;

(ग) क्या यह सही है कि एकरारनामा के अनुसार बिजली नहीं रहने पर 25 रु. प्रति घंटा के हिसाब से इ इ एस एल कम्पनी से लिया जायेगा जिसका अनुपालन आज तक नहीं हो सका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कांट्रैक्ट की शर्त्त का अनुपालन नहीं होने की जांच कराकर सीतामढ़ी नगर थाना क्षेत्र को अंधकार से मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जाम से मुक्त

*19 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना के नेहरू पथ (बेली रोड) पर दिन प्रतिदिन जाम की समस्या बढ़ती जा रही है, पिक आवर में महाजाम की समस्या से लोग जूझते रहते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बेली रोड पर आर.ओ.बी. और फ्लाई ओवर की संरचना ही इस तरह की है कि ट्रैफिक लोड बढ़ रहा है और जाम की समस्या बढ़ती जा रही है, पुल पर चढ़ने या उतरते समय यू टर्न लेते समय गाड़ियां आधी सड़क छेक लेती हैं, जिससे ट्रैफिक अवरुद्ध हो जाता है और जाम की स्थिति बनने लगती है, फ्लाई ओवर से सटे पेट्रोल पंप से गाड़ियां गलत साइड से फ्लाई ओवर पर चढ़ती हैं, जिससे मुहाने पर जाम लगता है, रहा सहा कसर ठेले पर फल बेचने वाले पूरा कर देते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि दानापुर से आने के दौरान आर.ओ.बी. पर वाहनों की स्मूथ आवाजाही में नहर की ओर से आने वाली गाड़ियां बाधक बनती हैं, वहीं बेली रोड के फ्लाई ओवर से उतरने के बाद आर.ओ.बी. पर चढ़ते समय पाटलिपुत्रा जंक्शन या रुकनपुरा से आने के दौरान यू टर्न लेते समय राह रोकती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेली रोड को शीघ्र जाम से मुक्त कराने हेतु ठोस योजना बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कारगर प्रयास

*20 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखण्ड में धरौत पंचायत में प्राचीन नरसिंह भगवान का मंदिर स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मंदिर के पीछे 52 (बावन) एकड़ में एक तालाब भी है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल-जंगल-हरियाली के अंतर्गत जल स्रोतों जैसे- तालाब, पोखर, कुआं आदि को बचाने हेतु योजना चला रही है, जबकि यह तालाब वर्षों से उपेक्षित होने के कारण सूखने के कगार पर पहुंच गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त तालाब को बचाने हेतु कोई कारगर प्रयास करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पर्यटक स्थल के रूप में विकसित

*21 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के रामायण सर्किट से जुड़े धार्मिक स्थलों सहित लोक आस्था के उच्चैठ भगवती स्थान, राज राजेश्वरी भगवती स्थान, कपिलेश्वर स्थान, विद्यापति स्मारक भवन, विद्यापति डीह, श्रृर्गी ऋषि आश्रम, एकादश रूद्र स्थान, भगवती स्थान, जरैल, देवपुरा, ढंगा, मगरौली काली स्थान, कालिकापुर काली स्थान, शेलीवेली महादेव स्थान सहित अन्य तीर्थ स्थल हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त तीर्थ स्थलों पर लाखों लोग हर वर्ष दर्शन करने के लिए आते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड 'क' में वर्णित तीर्थ स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## परियोजनाओं को चिन्हित

*22 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में पर्यटन की असीमित संभावनाएं हैं जो राज्य सरकार के लिए राजस्व संग्रहण का एक बड़ा स्रोत है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बतलाएगी कि पर्यटन विकास की दृष्टि से कितनी परियोजनाओं को चिन्हित किया गया है तथा उनकी क्या प्रगति है?

----

## गोलम्बर के मलबे की सफाई कबतक

*23 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर में यातायात को सुगम बनाने के लिए राजेन्द्र नगर के शास्त्री गोलम्बर और दिनकर गोलम्बर को छोटा किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इन गोलम्बरों को छोटा करने के बाद अतिरिक्त मलबे को हटाया नहीं गया है, जिससे उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बतलाएगी कि गोलम्बर को छोटा करने के बाद मलबा कबतक साफ किया जायेगा?

----

## अतिक्रमण से मुक्त

*24 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक)**:

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के गुरारू प्रखण्ड के गुड़रू पंचायत के बगडीहा गांव में रविन्द्र पाल, किशोर चंद्रवंशी एवं डा. लालजी यादव के घर होते हुए बिन्देश्वर चंद्रवंशी के घर तक स्थित वर्षों पुरानी कसईया आहर को अतिक्रमण कर मकान एवं दुकान बना लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त आहर के अतिक्रमण हो जाने के कारण हजारों किसान सिंचाई से वंचित हो गए हैं एवं इलाके का जलस्तर भी खत्म हो गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र कसईया आहर को अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पार्क का निर्माण

*25 **डा. रामवचन राय (मनोनीत)**:

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर के सेक्टर- 4 में बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी के भूतनाथ रोड और बचपन स्कूल के बीच एक बड़ा भूखंड पार्क निर्माण के लिए चिन्हित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त भूखंड के चारों तरफ सीमेंट-सड़क की ढलाई हुई है, जिस पर आस-पास के लोग टहलते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि वर्षों से खाली पड़े इस भूखंड पर कूड़ा-कचरा और गंदगी का अंबार लगा है;

(घ) क्या यह सही है कि पार्क के लिए चिन्हित उस भूखंड पर अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में उक्त पार्क का निर्माण कबतक कराना चाहती है?

----

## निबंधित घोषित कबतक

***26 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

क्या **सहकारिता** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दि बिहार स्टेट कॉपरेटिव बैंक लि. का निबंधन राज्यस्तरीय समिति के रूप में वर्ष 2014 में हुआ है और राज्य पुनर्गठन के पश्चात् सभी राज्य स्तरीय समितियां दि मल्टी स्टेट कॉपरेटिव सोसाइटीज एक्ट, 2002 की धारा- 103 के अंतर्गत स्वतः निबंधित हैं;

(ख) क्या यह सही है कि निबंधक कार्यालय, सहयोग समितियां, बिहार, पटना के पत्रांक- 787, दिनांक- 25.01.2019 के द्वारा राज्य के कुल- 37 बिहार सहकारी अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत निबंधित समितियां एवं बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत राज्य के कुल- 4 निबंधित समितियों को दि मल्टी स्टेट कॉपरेटिव सोसाइटीज एक्ट, 2002 की धारा- 103 के अन्तर्गत स्वतः निबंधित घोषित की गई है, उक्त सूची में दि बिहार स्टेट कॉपरेटिव बैंक लि. का नाम अंकित नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार दि बिहार स्टेट कॉपरेटिव बैंक लि. को दि मल्टी स्टेट कॉपरेटिव सोसाइटीज एक्ट, 2002 की धारा- 103 के अन्तर्गत स्वतः निबंधित घोषित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्लॉट का लीज

***27 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बैजू बिगहा, बोधगया में खाता नं.- 1035, प्लॉट नं.- 185,

एराजी- 11.68 एकड़ जो सदियों से चारागाह है, उस पर 1995-96 में सरकार द्वारा बनाया गया विशाल तालाब है, उसे खासमहाल नीति, 2011 के तहत जिलाधिकारी, गया द्वारा एक ट्रस्ट को लीज पर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि खासमहाल नीति जिन 12 जिलों के लिए बनी थी उसमें गया जिला शामिल नहीं है, फिर सिविल अपील संख्या- 1132 सन् 2011 तथा 4787 सन् 2001 में दिए गए आदेश के अनुसार यह लोकोपकारी भूमि है जो अहस्तान्तरणीय है तो इस प्लॉट का लीज कैसे कर दिया गया;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खण्ड 'ख' में वर्णित प्लॉट को लीज से मुक्त करने हेतु सरकार कबतक आदेश देने जा रही है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## चहारदीवारी एवं जल निकासी

*28 **श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
कृया मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधेपुरा नगर परिषद् में इंडोर स्टेडियम निर्मित है;

(ख) क्या यह सही है कि इंडोर स्टेडियम परिसर के चहारदीवारी एवं जल निकासी हेतु नाला का निर्माण अबतक नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि चहारदीवारी एवं नाला का निर्माण नहीं होने के कारण इंडोर स्टेडियम का संरक्षण एवं उपयोग ठीक ढंग से नहीं हो पाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इंडोर स्टेडियम परिसर के चहारदीवारी एवं जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## जांच कराकर उचित कार्रवाई

*29 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
कृया मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि श्री फुल महमद, पिता- स्व० विगन मियां, ग्राम+पो०- सुकुलवा खुर्द, जिला- गोपालगंज ने थावे अंचल के प्रभारी अंचल निरीक्षक को राजस्व कर्मचारी- श्री अजित कुमार द्वारा दाखिल-खारिज करने में अनियमितता बरतने एवं

ग्रामीणों को ह्रास करने पर कार्रवाई हेतु मुख्यमंत्री बिहार सरकार, मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, अपर सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, समाहर्ता गोपालगंज को 3.12.2020 को आवेदन दिया था;

(ख) क्या यह सही है कि खण्ड- 'क' में वर्णित कर्मचारी द्वारा ही एक ही दस्तावेज को व्यक्तिगत लाभ हेतु दो-दो बार दाखिल-खारिज किया गया है, जो केस संख्या- 1700/19-20 एवं 724/20-21 में देखा जा सकता है;

(ग) क्या यह सही है कि गोपालगंज थाना काण्ड संख्या- 280/2019 द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई करने के बावजूद भी दाखिल-खारिज कर दिया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि एक ही तरह का मामला रहने के बावजूद कर्मचारी द्वारा राशि लेकर एक को स्वीकृत एवं दूसरे को अस्वीकृत कर दिया गया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित कर्मचारी एवं पदाधिकारी को अन्यत्र स्थानान्तरित कर अनियमितताओं की जांच कराकर उचित कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## खानकाहों का सौंदर्यीकरण

*30 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
कृया मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में अभीतक सूफी सर्किट का कार्य अधूरा है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्यों में खानकाह का सौंदर्यीकरण का काम नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि अभीतक राज्य में कितने सूफी सर्किट बनाये गए हैं और कितने खानकाहों का सौंदर्यीकरण किया गया है?

----

## सड़क की चौड़ाई

*31 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
कृया मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिला मुख्यालय स्थित तिलका मांझी चौक एक व्यस्ततम चौराहा है, जहां से सटे खंजरपुर एवं आदमपुर चौक पश्चिम दिशा में जाने

वाली मुख्य सड़क की चौड़ाई लगभग ½ किलोमीटर अति संकीर्ण रहने से बराबर जाम की स्थिति बनी रहती है और वाहनों के यातायात के दबाव का प्रभाव अन्य जगहों पर भी पड़ता है;

(ख) क्या यह भी सही है कि सैंडिस कंपाउंड के पूर्वी-उत्तरी हिस्से में अवस्थित पुलिस अधीक्षक आवास के साथ-साथ जिला अतिथि गृह कैंपस की चहारदीवारी एक बड़ा कारण है रास्ते की संकीर्णता का;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नगत चौराहे पर वाहनों एवं पैदलयात्रियों के सुगम आवागमन हेतु सड़क की चौड़ाई विस्तारित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिक्रमण से मुक्त

*32 **श्री संजीव श्यामं सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण कराया जा रहा है, जिस क्रम में के पी रोड़ की छः करोड़ की राशि से चौड़ीकरण की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि गया शहर के पुरानी गोदाम स्थित उक्त सड़क पूरी तरह से अतिक्रमण का शिकार हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि के पी रोड़ पर बेतरतीब तरीके से सब्जी एवं अन्य तरह की दुकानें सज रही हैं, जिससे सुबह से लेकर शाम तक जाम रहता है एवं सड़क पर वाहन चलना तो दूर लोगों को पैदल चलने में भी काफी परेशानी होती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पर्यटक स्थल के रूप में विकसित

*33 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखण्ड में धरौत पंचायत में

नरसिंह भगवान का प्राचीन मंदिर स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि यह मंदिर काफी पुराना है और उपेक्षा के कारण जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार धरौत पंचायत के प्राचीन नरसिंह भगवान मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पईन की पैमाईश

*34 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
कृया मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के संपतचक प्रखण्ड के मौजा कान्ताचक में थाना नं.- 103 का खेसरा नं.- 65 एक सरकारी अलंग, पईन है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अलंग को स्थानीय रैयतधारियों के द्वारा काटकर खेत के रूप में तब्दील कर दिया गया है, जिससे अलंग अपना वास्तविक स्वरूप खो चुका है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अलंग, पईन की पैमाईश और सीमांकन नहीं होने के कारण हमेशा विवाद उत्पन्न होता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड 'क' में वर्णित अलंग, पईन की पैमाईश और सीमांकन कराना चाहती है?

----

## अतिक्रमण से मुक्ति

*35 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
कृया मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर के अन्तर्गत मोहनपुर, पुनाईचक स्थित गुलाब राय सड़क पूर्णतः अतिक्रमित है इसके कारण गाड़ियों के आने-जाने में काफी परेशानी होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सार्वजनिक हित के दृष्टिकोण से क्या सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## राशि का भुगतान

*36 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **सहकारिता** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि श्री अरुण कुमार चौधरी, बिहार राज्य सहयोग क्रय-विक्रय समिति के समस्तीपुर कार्यालय में सहायक भंडार प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे;

(ख) क्या यह सही है कि बिना कोई स्पष्टीकरण पूछे श्री चौधरी को अकारण समिति के ज्ञापांक स्था./128/एम/225, दिनांक- 13.4.13 द्वारा अनिवार्य सेवानिवृत्त कर दिया गया;

(ग) क्या यह सही है कि अनिवार्य सेवानिवृत्त होने के बावजूद भी श्री चौधरी को ग्रुप बीमा, उपादान एवं जी.पी.एफ. का भुगतान नहीं किया गया है जिसके चलते वे आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार श्री चौधरी को बकायी राशि का भुगतान कबतक करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## अखाड़ा का सौंदर्यीकरण

*37 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के नालंदा जिला के राजगीर में पाण्डव बन्धुओं में से एक भीम ने बृहद्रथ के पुत्र जरासंघ जो असाधारण योद्धा एवं मगध साम्राज्य का अतिशक्तिशाली शासक था, को 28 दिनों के द्वंद युद्ध में पराजित कर वध किया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जरासंघ का राजगीर में चतुष्कोणीय संरचना में विशिष्ट रूप से नरम सफेद प्रक्षलित मिट्टी से निर्मित कुश्ती स्थल/अखाड़ा परिलक्षित है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त जरासंघ का कुश्ती स्थल/अखाड़ा को धरोहर के रूप में विकसित कर सौंदर्यीकरण करने की अति आवश्यकता है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त जरासंघ का अखाड़ा सौंदर्यीकरण करने से पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र होगा;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटकों को

आकर्षित करने हेतु इसी वित्तीय वर्ष में खण्ड 'ख' पर अंकित अखाड़ा का सौंदर्यीकरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नागरिक समिति के गठन

*38 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में शहरीकरण की गति राष्ट्रीय स्तर के अनुपात में कम रहने के कारण नगरों के विकास के काफी प्रयास किए जा रहे हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य में शहरों के बहुआयामी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अवसंरचनात्मक विकास हेतु प्रत्येक शहर में नागरिक समिति के गठन का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----